**Series : SSO/1**

Code No. **66/1/1**
कोड नं.

**Roll No.**
**रोल नं.**

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **7** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 Minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# BUSINESS STUDIES
# व्यावसायिक अध्ययन

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[अधिकतम अंक : 100*

**General Instructions :**

*(i)* *Answers to questions carrying* ***1*** *mark may be from* ***one word*** *to* ***one sentence****.*

*(ii)* *Answers to questions carrying* ***3*** *marks may be from* ***50-75*** *words.*

*(iii)* *Answers to questions carrying* ***4-5*** *marks may be about* ***150*** *words.*

*(iv)* *Answers to questions carrying* ***6*** *marks may be about* ***200*** *words.*

*(v)* *Attempt all parts of a question together.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द से एक वाक्य** तक हों ।*

(ii) *3 अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **50-75** शब्दों के हों ।*

(iii) ***4-5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों के हों ।*

(iv) ***6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों के हों ।*

(v) *एक प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए ।*

1. Why is "Management called a group activity" ? 1

"प्रबन्ध को एक सामूहिक क्रिया" क्यों कहा जाता है ?

2. "Management increases efficiency." How ? 1

"प्रबन्ध कार्य कुशलता में वृद्धि करता है ।" कैसे ?

3. Why are Principles of Management called flexible ? 1

प्रबन्ध के सिद्धान्तों को लोचपूर्ण क्यों कहा जाता है ?

4. What does the principle of 'Initiative' indicate ? 1

पहलक्षमता का सिद्धान्त क्या संकेत देता है ?

5. State first two steps in the process of planning. 1

नियोजन प्रक्रिया के प्रथम दो कदमों को बताइये ।

6. Give one difference between Policy and Procedure. 1

नीति तथा कार्यविधि में एक अन्तर बताइये ।

7. What is meant by directing ? 1

निर्देशन का क्या तात्पर्य होता है ?

8. Why it is said that "The supervisor is a link between management and the operative employees." ? 1

यह क्यों कहा जाता है कि पर्यवेक्षक प्रबन्ध एवं कार्योत्पादक कर्मचारियों के मध्य एक कड़ी के समान होता है ?

9. What is meant by "Right to be heard' to a consumer ? 1

'सुनवाई का अधिकार' का एक उपभोक्ता के लिए क्या अर्थ है ?

10. What is the purpose of enacting the Consumer Protection Act 1986 ? 1

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को स्थापित करने का क्या उद्देश्य है ?

11. "Controlling is looking back." Explain. 3

"नियन्त्रण पीछे देखना है ।" समझाइये ।

12. Explain the objective of Financial Planning. 3

वित्तीय नियोजन के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए ।

13. State the objective of Financial Management. 3

वित्तीय प्रबन्ध के उद्देश्य का वर्णन कीजिए ।

14. Define Capital Market. State the two parts of capital market. 3

पूँजी बाज़ार को परिभाषित कीजिए । पूँजी बाज़ार के दो भागों का उल्लेख कीजिए ।

15. What is meant by 'direct channels of distribution' ? List any four methods of direct distribution.

वितरण के प्रत्यक्ष माध्यमों का क्या अर्थ है ? वितरण-माध्यम की किन्हीं चार प्रत्यक्ष विधियों की सूची बनाइए

16. Aman, Avneesh and Amrish have decided to start a business of manufacturing toys. They identified the following main activities which they have to perform : 4

(i) Purchase of raw materials

(ii) Purchase of machinery

(iii) Production of toys

(iv) Arrangement of finance

(v) Sale of toys

(vi) Identifying the areas where they can sell their toys

(vii) Selection of employees.

In order to facilitate the work they thought that four managers should be appointed to look after (a) Production (b) Finance (c) Marketing (d) Personnel.

(A) Identify the function of management involved in the above mentioned para.

(B) Quote the lines from the above para which help you in identifying this function.

(C) State the steps followed in the process of this function of management.

अमन, अवनीश तथा अमरीश ने खिलौने बनाने का व्यवसाय प्रारंभ करने का निर्णय लिया । उन्होंने निम्नलिखित मुख्य क्रियाओं को पहचाना जो उन्हें सम्पन्न करनी थी :

(i) कच्चा माल क्रय करना

(ii) मशीनरी क्रय करना

(iii) खिलौनों का उत्पादन करना

(iv) वित्त-व्यवस्था करना

(v) खिलौनों की बिक्री करना

(vi) उन क्षेत्रों की पहचान करना जहाँ वे अपने खिलौनों की बिक्री कर सकते हैं ।

(vii) कर्मचारियों का चुनाव करना

कार्य को आसान बनाने के लिए उन्होंने सोचा कि चार प्रबन्धकों की नियुक्ति की जाए जो निम्नलिखित कार्यों को देखें :

(अ) उत्पादन

(ब) वित्त

(स) विपणन

(द) कर्मचारी

(क) उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित 'प्रबन्ध के कार्य' की पहचान कीजिए ।

(ख) उपरोक्त अनुच्छेद से उन पंक्तियों का उद्धरण दीजिए जिनके माध्यम से आपको इस कार्य को पहचानने में सहायता मिली ।

(ग) प्रबन्ध के इस कार्य में निहित प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए ।

17. 'Some learning opportunities are designed and delivered to improve skills and abilities of employees whereas some other are designed to help in the growth of individuals in all respects.
Identify and explain the two concepts explained above. 4

सीखने के कुछ सुअवसरों को इस प्रकार डिज़ाइन तथा सुपुर्द किया जाता है कि कर्मचारियों के कौशल व योग्यताओं में सुधार हो सके जबकि कुछ अन्य को इस प्रकार डिज़ाइन किया जाता है कि व्यक्ति के पूर्णरूपेण विकास में सहायता मिले ।

उपरोक्त वर्णित दो अवधारणाओं को पहचान कर उनका वर्णन कीजिए ।

18. "All managers are leaders but all leaders are not managers." In the light of this statement differentiate between leadership and management. 4

"सभी प्रबन्धक नेता होते हैं , लेकिन सभी नेता प्रबन्धक नहीं होते ।" इस कथन के सन्दर्भ में प्रबन्ध तथा नायकत्व में अन्तर्भेद कीजिए ।

19. Explain how controlling helps in 'achieving better co-ordination' and 'better planning' ? 4

नियन्त्रण किस प्रकार बेहतर समन्वय स्थापित करने में तथा बेहतर नियोजन में सहायक होता है, समझाइये ।

20. Explain any four functions of Consumer Organisations and Non-Government Organisations (NGO's) for protecting and promoting the interest of consumers. 4

उपभोक्ता संगठनों तथा गैर सरकारी संगठनों द्वारा उपभोक्ता के हितों को सुरक्षित रखने तथा उन्हें उन्नतशील बनाने के लिए किए जाने वाले किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए ।

21. "Coordination is the orderly arrangement of group efforts to provide unity of action in the pursuit of common purpose." In the light of this statement explain the nature of coordination. 5

"कार्य की एकता की स्थापना के लिए सामूहिक प्रयासों की नियमित व्यवस्था को समन्वय कहते हैं ।" इस कथन के सन्दर्भ में समन्वय की प्रकृति समझाइये ।

22. Explain 'Differential Piece Rate' and 'Functional Foremanship' as techniques of scientific management. 5

वैज्ञानिक प्रबन्ध की तकनीकों के रूप में 'विभेदात्मक पारिश्रमिक प्रणाली' तथा 'क्रियात्मक फोरमैनशिप' को समझाइए ।

23. Explain any five limitations of planning. 5

नियोजन की किन्हीं पाँच सीमाओं का वर्णन कीजिए ।

24. Why was Securities and Exchange Board of India (SEBI) set up ? Explain any four objectives of SEBI. 5

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को क्यों स्थापित किया गया था ? सेबी के किन्हीं चार उद्देश्यों का वर्णन कीजिए ।

25. 'Bending the customer according to the Product' and 'Developing the product according to customer-needs' are the two important concepts of marketing management.
Identify the concepts and differentiate between the two. 5

'ग्राहक को उत्पाद के अनुसार ढालना' तथा 'ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद विकसित करना' विपणन प्रबन्ध की दो महत्त्वपूर्ण अवधारणाएँ हैं । इन अवधारणाओं की पहचान कर दोनों में अन्तर्भेद कीजिए ।

26. What is meant by 'Functional Structure' of an organisation ? Explain any two advantages and two limitations of it. 6

**OR**

Explain the elements of delegation of authority.

एक संगठन के 'कार्यात्मक ढाँचे' का क्या अर्थ है ? इसके किन्हीं दो लाभों तथा दो सीमाओं का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

अधिकार अन्तरण के तत्त्वों का वर्णन कीजिए ।

27. 'Staffing is an important function of management in all organisations'. Why ? Explain any four reasons. 6

**OR**

What is meant by Recruitment ? Explain any four external sources of recruitment.

'सभी संगठनों में नियुक्तिकरण प्रबन्ध का एक महत्त्वपूर्ण कार्य है' । क्यों ? किन्हीं चार कारणों का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

भर्ती का क्या अर्थ है ? भर्ती के किन्हीं चार बाह्य स्रोतों की व्याख्या कीजिए ।

28. "Directing is the heart of management process." Do you agree ? Give four reasons in support of your answer. 6

**OR**

"Effectiveness of a manager depends on his ability to communicate effectively." Explain how ?

"निर्देशन प्रबन्ध प्रक्रिया का हृदय है ।" क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई चार कारण दीजिए ।

**अथवा**

"एक प्रबन्धक की प्रभाविता उसके प्रभावपूर्ण सम्प्रेषण की योग्यता पर निर्भर करती है ।" समझाइए कैसे ?

29. Explain any four factors affecting working capital requirement of a company. 6

**OR**

"Determination of capital structure of a company is influenced by a number of factors." Explain any four such factors.

एक कम्पनी की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार घटकों की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

"एक कम्पनी के पूँजी ढाँचे का निर्धारण विभिन्न घटकों से प्रभावित होता है ।" ऐसे किन्हीं चार घटकों की व्याख्या कीजिए ।

30. What are the characteristics of a good brand name ? Explain. 6

**OR**

Explain the following sales promotion activities :

(i) Discount

(ii) Product combination

(iii) Financing

(iv) Lucky draw

एक सुपरिचित मार्का नाम की क्या विशेषतायें होती हैं ? समझाइये ।

**अथवा**

विक्रय संवर्धन की निम्नलिखित क्रियाओं का वर्णन कीजिए :

(i) छूट

(ii) उत्पाद सम्मिश्रण

(iii) वित्तीयन

(iv) सौभाग्यशाली इनाम